**हिंदी विभाग, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
तथा
**हिंदी विभाग, दाऊ उत्तम साव शास. महाविद्यालय, मचांदुर, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

के मध्य

# अकादमिक एवं शोध के क्षेत्र में सहयोग *(Collaboration)*हेतु सहमति ज्ञापन *(M.O.U.)*

---

**हिंदी विभाग, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग**
तथा
**हिंदी विभाग, दाऊ उत्तम साव शास. महाविद्यालय, मचांदुर, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
के मध्य परस्पर सहमति के आधार पर यह ज्ञापन उभय पक्षों द्वारा स्वीकार किया जाता है।

**सहमति-ज्ञापन का उद्देश्य :** हिंदी साहित्य में शोधकार्य हेतु अध्यापकों के अंतरसांस्थानिक आदान-प्रदान तथा दोनों विभागों द्वारा विकसित हिंदी भाषा एवं साहित्य विषयक ज्ञान एवं शैक्षणिक सामग्री के विनिमय से संबंधित सहयोगात्मक कार्यकलाप विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के पारस्परिक हित में हैं। इस ज्ञापन का उद्देश्य उक्त क्षेत्रों में सहयोग को विकसित करना है।

**सहमति-ज्ञापन का स्वरूप, क्षेत्र एवं कार्यकलाप :** पारस्परिक सहमति से आयोजित विभिन्न सहयोगी कार्यकलाप दोनों विभागों तथा उनकी पैतृक संस्थाओं के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के अनुरूप होंगे। इनमें निम्नांकित गतिविधियाँ सम्मिलित होंगी :

1. अध्यापकों का अंतर-सांस्थानिक विनिमय (आदान-प्रदान)
2. शोध- छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन
3. संयुक्त शोध एवं अनुसंधान कार्य,
4. विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शोधकर्ताओं के लिए विभागीय ग्रंथालय में उपलब्ध सामग्री की सुगम साझेदारी।

Scanned with OKEN Scanner

2)

**सहमति-ज्ञापन की शर्तें**

1. प्रत्येक पक्ष इस सहमति-ज्ञापन में सम्मिलित अन्य पक्ष के साथ अपने ज्ञान-संसाधन और शोध-सामग्री की परस्पर निःशुल्क तथा निःशर्त साझेदारी करेगा।
2. शोध-छात्रों के मार्गदर्शन हेतु संयुक्त आयोजन का वित्तीय-भार उस संस्था/विभाग द्वारा वहन किया जायेगा जिसके परिसर में आयोजन सम्पन्न होगा। सहयोगी संस्था/विभाग द्वारा ऐसे आयोजन में ग़ैर वित्तीय तथा बौद्धिक सहयोग प्रदान किया जा सकेगा।
3. कोई भी पक्ष उपरोक्तानुसार निर्धारित अवधि के पूर्व इस सहमति-ज्ञापन में समाहित अनुबंधों एवं प्रावधानों के अनुपालन से मुक्त नहीं हो सकेगा।
4. यह सहमति ज्ञापन दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की तिथि से आगामी 3 वर्ष तक मान्य और प्रभावी होगा।

दोनों पक्षों के बीच उक्त बिंदुओं पर दि. 24 फ़रवरी , 2021 को सहमति हुई। तदनुसार उभय पक्ष के हस्ताक्षर निम्नानुसार अंकित हैं :

विभागाध्यक्ष, हिंदी,
शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

विभागाध्यक्ष, हिंदी,
दाऊ उत्तम साव शास. महाविद्यालय,
मचांदुर, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

प्राचार्य,
शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

Principal
Govt. V Y T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

I/C प्राचार्य,
दाऊ उत्तम साव शास. महाविद्यालय,
मचांदुर, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

PRINCIPAL
DAU UTTAM SAO
GOVT. COLLEGE MACHANDUR
DIST - DURG (C.G.) 491221

Scanned with OKEN Scanner